## Regarding railway related issues in Moradabad Parliamentary Constituency

श्रीमती रुचि वीरा **(**मुरादाबाद**)** : धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र पीतलनगरी, मुरादाबाद की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ ।

मान्यवर, मुरादाबाद-हरिद्वार वाया धामपुर मार्ग पर 432-बी रेलवे कासिंग है । यह रोड हरिद्वार-देहरादून एवं चार धाम को बंगाल, बिहार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ती है । यह रेलवे लाइन जम्मु-हावड़ा की मेन लाइन है और अनेक लंबी दूरी की महत्वपूर्ण ट्रेन्स एवं मालगाड़ियों का संचालन इसी रेल मार्ग से होता है । रेलवे क्रांसिंग के बार-बार बंद होने से लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ता है ।

मान्यवर, इसी तरह कांठ-अमरोहा मार्ग पर 433-बी रेलवे कांसिंग है, जो कि दिल्ली से उत्तराखण्ड वाया कांठ मार्ग पर स्थित है । इन दोनों मार्गों पर रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) अथवा अण्डर पास का निर्माण कराने की कृपा करें ।

मान्यवर, काशीपुर, उत्तराखण्ड से धामपुर तक एक नई रेल लाइन प्रस्तावित है । इस रेलवे लाइन को वाया ठाकुरद्वारा बनवाया जाए, जिससे कि उस क्षेत्र के सभी यात्रियों का सम्पर्क जम्मू-हावड़ा मेन लाइन से हो सके । धन्यवाद ।